शुद्धता का संकल्प

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

## मक्सी रोड़, उज्जैन–456010 (म.प्र.)

## ई–निविदा प्रपत्र

उज्जैन दुग्ध संघ में कराये जाने वाले मरम्मत एवं सिविल निर्माण कार्य हेतु इ–निविदा प्रपत्र


उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

मक्सीरोड, उज्जैन– 456010 (म.प्र.)

फोननं. : (0734) 2527071

E-mail :udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com


ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.1,000.00 (रूपये एक हजार मात्र)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
# UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone: (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB


क्रमांकः उ.दु.स. / यॉंत्रिकी / नस्ती क्रं.91 / 2023 / 3539 दिनांकः 25/08/23

## ई–निविदा सूचना

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन द्वारा 'ब' एवं 'स' श्रेणी के लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से उज्जैन दुग्ध संघ में कराये जाने वाले मरम्मत एवं सिविल निर्माण कार्य हेतु प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर (वर्ष 2022) की दर से न्यूनतम दरों पर कार्य करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1,000.00 (रू. एक हजार मात्र) ऑनलाइन मध्यप्रदेश ई–टेण्डर की वेबसाइट (www.mptenders.gov.in) पर भुगतान कर क्रय की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ की वेबसाइट (www.mpcdf.gov.in) पर भी केवल अवलोकन किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना केवल ऑनलाइन जारी की जायेगी। निविदा की मुख्य जानकारी निम्नानुसार है–

| निविदा क्रय की अंतिम दिनांक | निविदा आनलाइन अपलोड की अंतिम दिनांक | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | प्रतिभूति राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 15.09.2023<br>दोपहर 2.00pm | 15.09.2023<br>दोपहर 3.00pm | 18.09.2023<br>दोपहर 03:00 | रु. 1,00,000 / –<br>(रुपये एक लाख मात्र) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB

| | मुख्य जानकारियाँ | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 1,000/– (अक्षरी– रूपये एक हजार मात्र) |
| 2. | प्रतिभूति राशि | रू. 1,00,000/– |
| 3. | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय करने की दिनांक एवं समय। | दिनांकः 25.08.2023 दोपहर 03:00 बजे से |
| 4. | ई–निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांकः 15.09.2023 दोपहर 02:00 बजे तक |
| 5. | ई–निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय केवल ऑनलाइन | दिनांकः 15.09.2023 दोपहर 03:00 बजे तक |
| 6. | ई–निविदा के तकनीकी प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांकः 18.09.2023 दोपहर 3:00 बजे |
| 7. | ई–निविदा के वित्तीय प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी अंर्हता पूर्ण होने के उपरांत। |
| 8. | ई–निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) 456010 |
| 9. | पत्र व्यवहार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) 456010 |
| 10. | संलग्न प्रपत्र | 01– परिशिष्ट–(अ), सामान्य नियम एवं शर्त<br>02– परिशिष्ट–(ब), निविदाकर्त्ता की जानकारी<br>03– परिशिष्ट–(स), शपथपत्र<br>(आवश्यक रूप से प्रत्येक निविदाकर्त्ता को भरना है।)<br>04– परिशिष्ट–(द), दरप्रपत्र |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

# -:निविदा कार्य:-

1. उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के अधीन उज्जैन एवं अन्य दुग्ध संयंत्रों/दुग्ध शीत केन्द्रों पर सिविल कार्य करने हेतु ई–निविदा आमंत्रण। सिविल निर्माण/मरम्मत कार्य वार्षिक राशि रू. 50.00 लाख (रू पचास लाख मात्र) लगभग कराये जायेगें।

2. ई–निविदा प्रपत्र एम.पी. ई–टेण्डर के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर राशि रू. 1,000.00 (रूपये एक हजार मात्र) ऑनलाइन जमा कर क्रय की जा सकती है।

3. निर्धारित समय तक भरे गये ई–निविदा की दर कार्यालय, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन के प्रांगण में एम.पी. ई–टेण्डर **www.mptenders.gov.in** के माध्यम से दिनांक 18.09.2023 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जावेगी।

4. निविदा प्रपत्र के सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही अपलोड किये जाने है। वित्तीय प्रपत्र मे प्रस्तुत एसओआर दर में जीएसटी अतिरिक्त रहेगा।

5. प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रदेश के MSME विभाग में उक्त कार्य हेतु पंजीकृत निविदा मे अमानत राशि के भुगतान में छूट रहेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन

## परिशिष्ट–'अ'

## सामान्य नियम एवं शर्ते

1. यह निविदा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पद्धति पर आधारित है तकनीकी निविदा में पात्र एवं सफल निविदकारों की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

2. निर्धारित समय तक ऑनलाइन भरे गये ई–निविदा की दर कार्यालय, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन के प्रांगण में एम.पी. ई–टेण्डर **www.mpetendrs.gov.in** के माध्यम से दिनांक 18.09.2023 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों / प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जावेगी।

3. निविदाकार को राशि रुपये 1,00,000.00 (रू. एक लाख मात्र), प्रतिभूति राशि ऑनलाइन भुगतान किया जाना होगा। जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों, जो कि उक्त कार्य हेतु प्रदेश के MSME विभाग में पंजीकृत है उन्हें निविदा मे अमानत राशि के भुगतान में छूट रहेगी।

4. निविदाकार को 'बी' या 'सी' क्लास ठेकेदार का जिनका पंजीयन मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में होना अनिवार्य हैं। तथा जिसका वर्तमान प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना होगा, जिसके अभाव में निविदा प्रपत्र निरस्त किया जावेगा।

5. निविदाकार अथवा संस्था को कर्मचारी भविष्यनिधि कार्यालय मे वैध पंजीकरण अनिवार्य है एवं प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा प्रपत्र निरस्त की जावेगी।

6. वर्तमान पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर बिल्डिंग (15.09.2022), विद्युत (15.09.2022) सड़क एवं सेतु (25.03.2022), से कम के प्रतिशत आधार पर न्यूनतम दर का अनुमोदन होगा, परन्तु न्यूनतम दर के अलावा निविदा प्रपत्र में चाही गई निविदाकार की अन्य अर्हताएँ तथा अनुभव के प्रमाण पत्रों के आधार भी देखा जायेगा।

7. निविदा प्रपत्र में वर्णित प्रत्येक अतिरिक्त योग्यताओं के आधार पर योग्य निविदाकार को वरिष्ठता दिये जाने का अधिकार उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन को होगा।

8. निविदा में गलत पता व सही परिचय न होने के कारण निविदा स्वीकृत न हो तो इसका उत्तरदायित्व निविदाकर्ता का होगा दुग्ध संघ का नहीं।

9. निविदा खुलने के उपरांत निविदाकर्ता को निविदा वापस लेने का अधिकार नहीं होगा। निविदा में प्रेषित दरों के लिये निविदाकर्ता स्वयं जवाबदार होगा।

10. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरें, दर अनुमोदन उपरांत कार्यआदेश में दर्शाये तिथि से तीन वर्ष हेतु मान्य रहेगी। यद्यपि दोनों की (उज्जैन दुग्ध संघ एवं सेवा प्रदाता) आपसी सहमति पर उक्त कार्यआदेश को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के अनुमोदन उपरांत एक–एक वर्ष कर आगामी 02 वर्षों हेतु पूर्व अनुमोदित दर पर बढ़ाया जा सकता है।

11. किये गये कार्य के देयकों में से शासकीय नियमानुसार 1% टी.डी.एस., 1% वाटर चार्ज, 1% लेबर वेलफेयर, 5% सुरक्षानिधि इत्यादि का कटौत्रा किया जायेगा, जो कि अनुबंध की कार्यकाल समाप्त होने पर पूर्ण कार्य की समीक्षा के पश्चात् वापस की जावेगी, तथा इस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

12. प्रत्येक निविदाकार स्वयं का या साझेदारी में हैं, का उल्लेख करते हुए स्वयं/साझेदारी/कंपनी का पेन जी.एस.टी. पंजीयन आदि का प्रमाण पत्र एवं नंबर उल्लेखित करें, यदि कंपनी होतो, कंपनी का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार अन्य प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि आवश्यक रूप से संलग्न करें। साझेदार फर्म को प्रत्येक साझेदार का नाम, पता एवं पेन कार्ड की प्रतिलिपि संलग्नित करनी होगी।

13. प्रत्येक निविदाकार फर्म को सिविल कार्य (बिल्डिंग/विद्युत/सड़क–सेतु) का पाँच वर्ष का कार्य अनुभव आवश्यक होगा, साथ ही प्रत्येक तीन वर्ष में (वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22) बीस–बीस लाख या उससे अधिक की कम से कम तीन कार्यो का कार्य आदेश एवं पूर्ण किये होने का प्रमाण पत्र संबधित विभाग से प्राप्त कर आवश्यक रूप से संलग्न करना होगा।

14. निविदाकर्ता को किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय/ निगम/मण्डल की काली सूची में दर्ज नहीं होने व दुग्ध संघ के किसी अधिकारी/कर्मचारी/संचालक मण्डल का सदस्य नहीं होने का शपथ पत्र देना है।

15. निविदाकार को सिविल कार्य की इंजीनियरिंग डिग्री या डिप्लोमा का प्रमाण पत्र होना चाहिये।

16. निविदाकार के पास सिविल कार्य हेतु कॉक्रीट मिक्सिंग यूनिट, कम्प्रेशर, कॉक्रीट वाईब्रेटर, सर्वेयिंग लेवल, टेस्टिंग मशीन, डी.जी.सेट एवं वेल्डिंग प्लाण्ट इत्यादि मशीन/उपकरण होना चाहिये।

17. प्रत्येक निविदाकार को विगत तीन वित्तीय वर्ष का (2020–21, 2021–22, 2022–23) आयकर रिर्टन की प्रतिलिपि संलग्न किया जाना होगा।

18. निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दर स्थिर होना चाहिये, साथ ही दुग्ध संघ द्वारा निर्धारित समयावधि तक दर की वैधता को ध्यान में रखकर प्रेषित करें।

19. **डिफेक्ट लाएबिलीटी अवधि** (Defect Liability Period)

19.1 डिफेक्ट लाएबिलीटी अवधि कार्य पूर्णता दिनांक से 3 वर्ष की अवधि के लिये होगी।

19.2 डिफेक्ट लाएबिलीटी अवधि में कार्यो में यदि किसी भी प्रकार का डिफेक्ट पाया जाता हैं तो सफल निविदाकर्ता को पत्र/दूरभाष पर सूचना दिये जाने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में बताये गए डिफेक्ट/डिफेक्ट्स का स्वयं के व्यय पर सुधार कार्य करना होगा।

19.3 निर्धारित समयावधि में बताये गऐ डिफेक्ट/डिफेक्ट्स का सुधार कार्य पूर्ण न किये जाने की स्थिति में दुग्ध संघ द्वारा किसी अन्य ऐजेन्सी/विभागीय स्तर से सुधार कार्य कराकर जमा सुरक्षा निधि व अमानत राशि से व्यय राशि का समायोजन कर लिया जावेगा।

19.4 प्रस्तावित कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं किया जाता हैं तो चलित देयकों से निम्नानुसार Liquidated Damage के रूप में राशि का कटौत्रा किया जावेगा।

| क्रमांक | विलंम्ब की अवधि | Liquidated Damage |
|---|---|---|
| 1 | एक माह | 1 % |
| 2 | एक से दो माह | 2 % |
| 3 | दो माह से अधिक | 5% |

19.5 निर्माण कार्य के दौरान श्रम नियम, लेबर इंश्यूरेंस एवं अन्य वैद्यानिक दायित्वों के निर्वाहन की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी।

20. कार्य का भुगतान वास्तविक किये गये कार्य की नाप से होगा कार्य की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है जिसका भुगतान निविदा की स्वीकृत दर पर निविदाकार को किया जाएगा।

21. यदि विभाग चाहे तो वह निविदाकार के स्वीकृत निविदा दर पर कोई अन्य कार्य भी करा सकते है जिसका भुगतान स्वीकृत दर अनुसार किया जावेगा तथा निविदाकार दिये गये कार्य को किये जाने हेतु बाध्य होगें।

22. यदि किसी नये आदेशित कार्य का आईटम एस.ओ.आर में न हो तो विभाग इस प्रकार के कार्यो की दर/दरों का निर्धारण बाजार दरों पर निर्धारण कर (सामग्री दर) मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा अनुमोदन अनुसार दर से भुगतान किया जावेगा जो कि निविदाकार को मान्य व बंधनकारी होगी।

23. कार्य के दौरान ठेकेदार के श्रमिक को किसी प्रकार की हानि जैसे–चोट लगना या दुर्घटना की स्थिति में दायित्व ठेकेदार का रहेगा। सफल निविदाकार को सामूहिक श्रमिक दुर्घटना बीमा कराना होगा।

24. ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में कार्य संपादित करना होगा तथा संघ द्वारा प्रदत्त कार्य की डिजाईन के अनुसार ही संपादित करना होगा निर्माण कार्य में सभी उपयोग की जाने वाली SOR में निर्धारित सामग्री ठेकेदार को स्वयं लगाना एवं परिवहन व्यवस्था किया जाना जैसे रेंत, गिटट्री सीमेंट, लोहा टूल्स आदि। दुग्ध संघ द्वारा किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री एवं श्रमिक प्रदाय नही की जावेगी।

25. यदि उपरोक्त निविदा के कार्यो में डिजाइन/ड्रॉइंग्स/विभिन्न कक्षो के लेआउट में परिवर्तन होता है तो निविदाकार को परिवर्तित डिजाईन/ड्रॉइंग्स/विभिन्न कक्षो के लेआउट के अनुसार कार्य करना होगा तथा सफल निविदाकार इस कंडिका अनुसार निर्देशित कार्य/कार्यों को किये जाने हेतु बाध्य होगें।

26. आवंटित निर्माण कार्यो विभागीय इंजीनियर/अधिकृत अधिकारी अथवा दुग्ध संघ के द्वारा नियुक्त किये गये तकनीकी सलाहकार/परामर्शकर्ता के दिशा निर्देशों के अनुरूप संतोषजनक पूर्ण होने पर ही उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा भुगतान किया जावेगा।

27. निर्माण कार्य का पूर्ण अथवा अंष भाग निर्माणकर्ता द्वारा अन्य निर्माणकर्ता/निर्माणकर्ताओं को सबलेट (Sublet) नही किया जावेगा। यदि यह पाया जाता है कि निर्माणकर्ता द्वारा निर्माण कार्य का पूर्ण/अंश भाग सबलेट किया गया है तो उक्त कार्य आदेश निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के पास सुरक्षित रहेगा।

28. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्डों (SOR) अनुसार यदि नही पाया जाता है एवं दी गई समय – सीमा मे कार्य पूर्ण नही किया जाता है तथा निविदा की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में कार्य आदेश निरस्त कर दिया जावेगा।

29. निर्माणकर्ता द्वारा प्रस्तुत चलित देयकों/अंतिम देयकों की मात्राओं का सत्यापन दुग्ध संघ द्वारा अधिकृत तकनीकी सलाहकार अथवा विभागीय अधिकारी के द्वारा किया जावेगा। निर्माणकर्ता द्वारा प्रस्तुत चलित देयकों/अंतिम देयकों की मात्राओं का सत्यापन तकनीकी सलाहकार/विभागीय अधिकारी द्वारा किये जाने के उपरांत देयकों का भुगतान देयक प्राप्ति दिनांक से 15 दिवस की अवधि में दुग्ध संघ द्वारा किया जायेगा।

30. निर्माणकर्ता द्वारा प्रस्तुत चलित देयकों/अंतिम देयकों से नियमानुसार आयकर, सुरक्षा निधि आदि का कटोत्रा नियमानुसार किया जावेगा, अन्य कर यथा वाणिज्य कर, रायल्टी, आदिजो शासन आदि को देय होंगे निविदाकार द्वारा स्वयं जमा किये जावेगें, इस हेतु दुग्ध संघ जवाबदार नही होगा।

31. समस्त निविदाकार को परिशिष्ट 'ब' में वाँछित जानकारी आवश्यक रूप से भरना होगी, तथा स्वंप्रमाणित आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे। प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा प्रपत्र अस्वीकार किया जा सकता हैं।

32. न्यूनतम दर स्वीकृत पश्चात् सफल निविदाकार कों कार्य आदेश जारी होने के 10 दिवस के अन्दर दुग्ध संघ के समस्त नियम शर्त पर कार्य करने की सहमति स्वरूप रु. 1,000.00 मूल्य के नॉन जुडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराइज्ड अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।

33. परिशिष्ट 'स' में शपथ पत्र प्रस्तुत करना हैं।

34. आर्बिट्रेशन–

(1) किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(2) निराकरण न होने की स्थिति में आर्बिट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

35. यह अनुबंध उज्जैन में निष्पादन किया जा रहा है इस कारण किसी भी विवाद को चुनौती देने हेतु उज्जैन न्यायालय ही उक्त विवादों के निपटारा किये जाने का क्षेत्राधिकार रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB


क्रमांकः उ.दु.स. / यॉंत्रिकी / नस्ती क्रं.91 / 2023 / दिनांकः

परिशिष्ट–ब

**तकनीकी निविदा**

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

महोदय,

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकार का नाम / पता / दूरभाष क्रमांक / ई–मेल आई.डी. | |
| 02 | क्या निविदा स्वयं के नाम या साझेदारी / कंपनी के नाम भरा जा रहा हैं। | |
| 03 | साझेदारी / कंपनी का है तो, साझेदारों के नाम, पता, दूरभाष क्रमांक एवं ई–मेल आई.डी. एवं पेन | |
| 04 | बी' / 'सी' (B/C Class) सिविल ठेकेदार का पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | |
| 05 | निविदाकार स्वयं / साझेदारी / कंपनी का पेन जीएसटी नंबर तथा ई.पी.एफ. पंजीयन | |
| 06 | पॉंच वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 07 | विगत तीन वर्ष में रूपये बीस लाख या अधिक के किये गये कार्य का कार्य आदेश पूर्ण किये होने का (निविदा प्रपत्र के सामान्य शर्त बिंदु क्रमांक 12 में उल्लेख अनुसार) | |
| 08 | निविदाकार के स्वयं या निविदाकार द्वारा नियुक्त किये गये योग्य सिविल / आर्किटेक्चर इंजीनियर (डिग्री या डिप्लोमा धारी) की योग्यता प्रमाण पत्र एवं कंपनी में नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि | |
| 09 | निविदाकार के पास उपलब्ध मशीनरी / उपकरणों की सूची | |
| 10 | तीन वित्तीय वर्ष का आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 | |

(प्रत्येक निविदाकार उपरोक्त वॉंछित जानकारियों की प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें)

मैं ........................................................ निवासी ........................................................ के द्वारा सत्यापित करता हूँ कि, उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही हैं।

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB


क्रमांकः उ.दु.स. / यॉंत्रिकी / नस्ती क्रं.91 / 2023 / दिनांकः

–: निर्माण कार्य अनुभव संबधी विवरण :–

| क्र. | निर्माण कार्य का विवरण | | | कार्यआदेश जारीकर्ता विभाग का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कार्य का विवरण एवं वर्ष | लागत राशि | कार्य पूर्ण करने की दिनांक | विभाग का नाम | कार्यादेश क्रमांक एवं दिनांक |
| 01 | | | | | |
| 02 | | | | | |
| 03 | | | | | |
| 04 | | | | | |

नोटः– कृपया कार्यादेश संलग्न करें।

हस्ताक्षर

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB


क्रमांकः उ.दु.स. / यॉंत्रिकी / नस्ती क्रं.91 / 2023 / दिनांकः

परिशिष्ट–स

## शपथ–पत्र

(रु. 1000 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में)

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.)

मैं / मेरी फर्म ........................................................................ निवासी ........................................................ ............ शपथ लेता हूँ कि,

1. मैं स्वयं या मेरा साझेदार / प्रतिनिधि किसी भी शासकीय / अर्धशासकीय / निगम / मण्डल की काली सूची में दर्ज नहीं हुँ। मेरे खिलाफ किसी भी प्रकार का आपराधिक रिपोर्ट दर्ज नहीं हैं।
2. मैं या मेरा परिवार दुग्ध संघ के किसी अधिकारी / कर्मचारी / संचालक मण्डल का सदस्य नहीं है।

उपरोक्त शपथ असत्य पाये जाने पर निविदा निरस्त करने एवं मेरे खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन अधिकृत रहेगा।

स्थानः–
दिनांकः–

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर
पूर्ण नाम एवं पता ..........................
..........................................................
मोबाईल नंबर ..................................
ई–मेलआई.डी. ..............................

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com
G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB

क्रमांकः उ.दु.स. / यॉंत्रिकी / नस्ती क्रं.91 / 2023 /

दिनांकः

परिशिष्ट– (द)

## वित्तीय निविदा

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.)

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के अधिन उज्जैन एवं अन्य दुग्ध संयंत्रों एवं शीतकेन्द्रों पर कराये जाने वाले मरम्मत एवं छोटे सिविल निमार्ण कार्य हेतु वर्तमान पी.डब्ल्यू.डी., एस.ओ.आर. से अधिक / कम .............% (प्रतिशत) ( PWD – SOR – बिल्डिंग एवं विद्युत 15-09-2022, सड़क एवं सेतु 25-03-2022), में कार्य करने हेतु सहमत हुँ।

हस्ताक्षर एवं सील
निविदाकर्ता

(कृपया दर प्रतिशत अंक एव शब्दों में बिना कॉंट–छॉंट के लिखें)

(दर प्रपत्र केवल ऑनलाइन ही भरा जाना है परंतु परिशिष्ट–द की हस्ताक्षरित छायाप्रति पी.डी.एफ. फार्मेट में ऑनलाइन भी टेण्डर पोर्टल में अपलोड करना होगी।)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com, engg_uds@sanchidairy.com
G.S.T. No. 23AAAAU0051C1ZB


क्रमांकः उ.दु.स./यॉंत्रिकी/नस्ती क्रं.91/2023/ दिनांकः

(चेक लिस्ट दस्तावेज संलग्न करें)

01. PWD का बी'/'सी' (B/C Class) सिविल ठेकेदार का पंजीयन प्रमाण पत्र।
02. निविदाकार स्वयं का पेन, जीएसटी नंबर तथा ई.पी.एफ. पंजीयन का प्रमाण पत्र।
03. कार्य अनुभव, कार्यादेश।
04. विगत तीन वर्ष में रूपये बीस लाख या अधिक के किये गये कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र।
05. निविदाकार के स्वयं की सिविल इंजीनियरिंग डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र।
06. निविदाकार के पास उपलब्ध मशीनरी/उपकरणों की सूची।
07. तीन वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 का आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र।
08. निविदाकार के स्वयं या निविदाकार द्वारा नियुक्त किये गये योग्य सिविल/आर्किटेक्चर इंजीनियर (डिग्री या डिप्लोमा धारी) की योग्यता प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।